



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – **आशुतोष नवाल**

वर्ष 18 | अंक 107 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 28 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

## कार का स्टेयरिंग फैल, पूर्व पार्षद घायल

**सुवासरा, 24 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद के पूर्व पार्षद आनंद शर्मा शनिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गए। पूर्व



पार्षद सुवासरा से 7 किमी दूर स्थित खाखरा बालाजी मंदिर लखवा से चोला चढ़ाकर सुबह 9 बजे पुन: सुवासरा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान अंतरालिया फंटे पर कार की स्टीयरिंग फैल होने से कार पलटी खा गई। जिसके कारण शर्मा को सर में चोट लगी। घटना की जानकारी पास में ही चल रहे सड़क निर्माण के ठेकेदार मयंक जैन को मिलने पर अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बड़े अस्पताल रेफर कर दिया। बड़े अस्पताल में उपचार के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने भी अस्पताल पहुंचकर घायल आनंद शर्मा से कुशलक्षेम पूछी।

### शिव के क्षेत्र से सिर्फ कैलाश ही पहुंचे केंद्र तक...

# मंदसौर संसदीय क्षेत्र: तीन सीएम, दो डिप्टी सीएम मिले

### कमलनाथ को उनके गढ़ में हराने वाला भी मंदसौर संसदीय सीट से

**मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वैसे तो प्रदेश में 29 संसदीय सीट है। लेकिन, मंदसौर-नीमच-जावरा संसदीय क्षेत्र प्रदेश में ही नहीं, देश में भी अपना अलग रुतबा रखती है। हालांकि इसके बाद भी केंद्र सरकार में मंत्री कैलाशनाथ काटजू के अलावा कोई नहीं बन पाया। नेहरु सरकार में कैलाशनाथ काटजू गृहमंत्री बने थे। इसके बाद किसी को मौका नहीं मिला। जबकि, डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डे 40 साल तक सांसद रहे और पार्टी में उनका अच्छा खासा रुतबा रहा। बात करें मंदसौर संसदीय क्षेत्र की तो जिले के किसान आंदोलन को कांग्रेस ने देशभर में इसे चुनावी मुद्दा बनाया था, इसके बाद कांग्रेस नेता द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री के सामने किसान आंदोलन कराने की बात स्वीकार करने का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने इसे उपयोग में लिया। यह तो थी आंदोलन की बात। लेकिन, अनोखी बात यह है कि मंदसौर संसदीय क्षेत्र अब तक तीन मुख्यमंत्री प्रदेश को दे चुकी है। वहीं दो उपमुख्यमंत्री भी मंदसौर संसदीय क्षेत्र से मिले हैं। इसमें



वर्तमान उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा भी शामिल है। इसके अलावा वीरेंद्र सखलेचा भी 1967 से 1969 तक प्रदेश के उपमुख्यमंत्री रहे थे। सबसे अनोखी बात यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठनेता कमलनाथ को उनके गढ़ छिंदवाड़ा में हराने वाले सुंदरलाल पटवा भी मंदसौर संसदीय क्षेत्र के ही रहने वाले थे।

#### मंदसौर सीट के नाम अनोखा रिकार्ड...

मंदसौर संसदीय क्षेत्र के नाम एक अनोखा रिकार्ड है। इस संसदीय सीट में जावरा-मंदसौर-नीमच आते हैं। यह प्रदेश और देश में एक मात्र ऐसी सीट है, जिसने मप्र को तीन-तीन मुख्यमंत्री दिए। वहीं दो उपमुख्यमंत्री भी दिए। इतना ही नहीं, देश की पहली नेहरू सरकार में इसी क्षेत्र के डॉ. कैलासनाथ काटजू गृहमंत्री बने थे। हालांकि इसके 68 साल बाद यह क्षेत्र सिर्फ किसान आंदोलन के कारण चर्चा में रहा। यहां से चुने गए सांसद फिर कभी केंद्रीय मंत्री नहीं बन सके।

#### कमलनाथ को दी पटकनी...

पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने वर्ष 1991 में छिंदवाड़ा सीट से सांसद रहते हुए पद से इस्तीफा दिया था। फिर इनकी जगह धर्मपत्नी अलका नाथ चुनाव जीतीं। 1996 में अलका नाथ ने भी इस्तीफा दिया तो वापस कमलनाथ चुनाव लड़े। तब उनके सामने इसी मंदसौर संसदीय क्षेत्र के रहने वाले पूर्व सीएम सुंदरलाल पटवा को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया था। पटवा ही एकमात्र ऐसे नेता रहे जिन्होंने पूर्व सीएम नाथ को उन्हीं के गढ़ में पराजित किया था। इनके अलावा वर्ष 1980 से लेकर 2014 तक कमलनाथ को अन्य कोई नेता हरा नहीं पाया।

#### डॉ. पांडेय 8 बार सांसद बने, मंत्री बनने का चांस नहीं मिला...

डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय सबसे ज्यादा 8 बार सांसद चुने गए और लगभग 40 साल तक सांसद रहे। लेकिन, उन्हें भी मंत्री पद नहीं मिला। हालांकि वे जनसंघ से ही अपनी पार्टी को स्थापित करने वाले महत्वपूर्ण नेताओं में शुमार रहे। इसलिए संगठन में उनका ओहदा अच्छा था। संगठन में वे प्रदेश अध्यक्ष भी रहे।

#### 1957, 1978 और 1980 में इसी क्षेत्र से तीन मुख्यमंत्री चुने गए...

**डॉ. कैलासनाथ काटजू**

1957 में इसी क्षेत्र की जावरा विधानसभा सीट से विधायक बने। फिर 31 जनवरी 1957 को सीएम बने।

**वीरेंद्र कुमार सकलेचा**

जावद विधानसभा सीट से विधायक वीरेंद्र कुमार सकलेचा 18 जनवरी 1978 को मुख्यमंत्री बने।

**सुंदरलाल पटवा**

कुकड़ेश्वर निवासी सुंदरलाल पटवा मनासा सीट से चुनाव जीतकर 20 जनवरी 1980 को मुख्यमंत्री बने। हालांकि वह 5 मार्च 1990 को रायसेन जिले की भोजपुर सीट से चुनाव लड़कर पुनः मुख्यमंत्री बने थे।

## लापरवाही: 20 की बजाय 100 किमी की रफ्तार से दौड़ी मालगाड़ी

**शामगढ़, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कोटा-नागदा रेलखंड स्थित चौमहला स्टेशन के पास दो दिन पहले निर्माणाधीन अंडर ब्रिज पर सतर्कता आदेश का उल्लंघन कर एक मालगाड़ी तेज रफ्तार से निकल गई। गनिमत रही की कोई दुर्घटना नहीं हुई। मामले में रेलवे द्वारा दोनों चालकों और गार्ड के निलंबन की जानकारी सामने आ रही है। रेलवे प्रशासन मामले की जांच में जुटा हुआ है। यह घटना सुबह करीब 4 बजे की है। रतलाम की तरफ से आ रही एक कंटेनर मालगाड़ी सतर्कता आदेश की अनदेखी करते हुए निर्माणाधीन अंडर ब्रिज से 20 की बजाय 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से निकल गई। गलती का एहसास होते ही चालक ने मालगाड़ी को रोक लिया। लेकिन, तब तक मालगाड़ी अंडर ब्रिज को पार कर काफी आगे तक निकल आई थी।

मामले की सूचना मिलते ही कोटा मंडल अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मालगाड़ी को शामगढ़ तक लाने के आदेश दिए गए। शामगढ़ में दोनों चालकों को ड्यूटी से उतार लिया गया। इसके बाद दूसरे चालक दल को मालगाड़ी लेकर कोटा की तरफ रवाना किया गया। इसके बाद कोटा से गए अधिकारियों द्वारा शामगढ़ में चालकों के बयान दर्ज किए गए। बयान लेने के बाद अधिकारियों ने चौमहला पहुंचकर अंडर ब्रिज को भी देखा। इस दौरान दोनों चालकों को कोटा भेज दिया गया। यहां पर भी अधिकारियों ने मामले को लेकर चालकों से पूछताछ की।

रेलवे सूत्रो की माने तो यह गनीमत रही की बड़ी दुर्घटना टल गई। अन्यथा



पूरी मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो सकती थी। पटरियों के आसपास रिहायशी एरिया होने से जान माल का काफी नुकसान हो सकता था। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना से बचना किसी चमत्कार से कम नहीं है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तेज रफ्तार मालगाड़ी से अंडर ब्रिज की गार्डर और पटरियां अपनी जगह से हिल गई थी। बाद में करीब 3 घंटे का ब्लॉक लेकर यहां मरम्मत कार्य किया गया।

सूत्रों ने बताया कि यह 5 दिन में दूसरी घटना है। इससे पहले 20 जनवरी को भी एक मालगाड़ी इसी तरह तेज रफ्तार से अंडर ब्रिज गुजर गई थी। गनीमत रही कि यह मालगाड़ी भी गिरने से बाल-बाल बच गई थी। इस मामले में जिम्मेदारों के खिलाफ अभी तक कार्रवाई की बात सामने नहीं आई है।

#### रतलाम रेल मंडल के हैं चालक...

सूत्रों ने बताया कि यह दोनों चालक रतलाम के बताए जा रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर रतलाम मंडल द्वारा दोनों चालकों और गार्ड को निलंबित कर दिया गया। हालांकि गार्ड का कहना है कि उसने प्रेशर ड्रॉप कर और चालकों को चेता कर मालगाड़ी रोकने की कोशिश की लेकिन, रफ्तार अधिक होने से मालगाड़ी अंडर ब्रिज को पार कर गई।

#### एक दिन पहले ही डाले थे बॉक्स

बताया गया है कि इस अंडर ब्रिज के लिए एक दिन पहले मंगलवार को ही सीमेंट कंक्रीट के बॉक्स डाले गए थे। इसके उपर लोहे की गार्डर और रेल पटरियां बिछाई गई थी। रात हो जाने के चलते इन पटरियों की ठीक से पैकिंग भी नहीं की गई थी। इसके चलते यहां पर 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनों को निकालने के आदेश जारी किए गए थे। लेकिन, इन आदेशों की अनदेखी करते हुए चालक ट्रेन को 20 की बजाय 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ा ले गया।

## व्यापारी से लूट के एक और आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, 90 हजार रुपए बरामद

**पिपलिया मंडी, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी व्यापारी के साथ हुई लूट के मामले में फरार आरोपी भय्यू उर्फ मुबारिक निवासी विकमगढ़ आलोट को पिपलिया मंडी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर 5 हजार रुपए का ईनाम घोषित था।

पुलिस ने बताया कि 3 दिसंबर 2023 को कृषि उपज मंडी पिपलियामंडी में दोपहर 3 बजे अज्ञात आरोपी द्वारा वीरेन्द्र पिता कन्हैयालाल जैन उम्र 43 साल निवासी मुंदड़ा कालोनी पिपलिया मंडी के सिर पर बेसबाल के डंडे से वार कर रूपयो से भरा बैग कुल 38 लाख 90 हजार रूपये लूट कर बाईक से फरार हो गये थे। पुलिस द्वारा उक्त अपराध में पूर्व में अरबाज पिता साबीर खॉ पठान उम्र 25 साल निवासी नाहर सैयद मंदसौर एवं असलम पिता आबिद मेव उम्र 24 साल निवासी खाजपुरा मन्दसौर हाल मुकाम पिपलिया मण्डी को गिरफ्तार कर उनसे लूट की नगद रकम 36 लाख रूपए, फरियादी का बेग, एक पिस्टल व एक जिन्दा राउण्ड तथा लूट में प्रयुक्त बिना नम्बर की मोटर सायकल टीवीएस अपाचे जप्त की थी। लूट में वांछित फरार आरोपी भय्यू उर्फ मुबारिक पिता नूर मोहम्मद निवासी विकमगढ़ आलोट जिला रतलाम को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लूट की राशि 90 हजार रुपए बरामद की गई। आरोपी पर पुलिस ने पांच हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था।

## गैस सिलेंडर ब्लास्ट, पत्नी की मौत, पति का उपचार जारी

**मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर की राजीव कॉलोनी में 26 जनवरी की सुबह हुए एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट मामले में पत्नी की मौत हो गई। वहीं पति का उपचार जारी है। घटना के बाद पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया घायल से मिलने के लिए पहुंचे। वहीं विधायक विपीन जैन ने भी अस्पताल पहुंचकर कुशलक्षेम पूछी। इसके बाद शनिवार को डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा अस्पताल पहुंचे। यहां घायल से बातचीत की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके अलावा घायल के घर भी पहुंचे और हालात को देखा।

#### डिप्टी सीएम पहुंचे घायल से मिलने

हादसा गणतंत्र दिवस के दिन संजीत नाका के पास राजीव कॉलोनी में हुआ। यहां रहने वाली पुष्पा बाई उम्र 32 वर्ष ने सुबह चाय बनाने के लिए गैस चूल्हे का बर्नर ऑन किया, तभी धमाका हो गया। ब्लास्ट के बाद आग का गोला उठा। इससे पुष्पा बुरी तरह झुलस गई। उसका पति राजेश पोरवाल उम्र 35 वर्ष भी घायल हो गया। दोनों को बड़े अस्पताल ले जाया गया,



जहां पुष्पा को मृत घोषित कर दिया गया। राजेश की हालत नाजुक बनी हुई है। वाय डी नगर थाने के टीआई संदीप मंगोलिया ने बताया, धमाके से घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मलबे में पति राजेश पोरवाल और पत्नी पुष्पाबाई दब गई थी। पुलिस ने मलबा हटाकर दोनों को अस्पताल भेजा। रास्ते में पुष्पाबाई की मौत हो गई। राजेश की हालत गंभीर है, उसका बड़े अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रारंभिक पड़ताल में गैस टंकी फटने से हादसा होना पाया गया है। पुलिस के अनुसार, राजेश पोरवाल टी स्टॉल चलाता है। पुष्पा गृहिणी थी। परिवार में राजेश का छोटा भाई और मां भी हैं। राजेश की मां ने पुलिस को बताया कि वह बाहर दूध लेने गई थी। बड़ा बेटा राजेश घर के अंदर सो रहा था। छोटा बेटा मॉर्निंग वॉक पर निकल गया था। बहू पुष्पा ने चाय बनाने के लिए गैस चूल्हे पर पानी रखा। जैसे ही बर्नर ऑन किया, धमाका हो गया।

### मंदसौर में फिर सामने आया लव जिहाद का मामला...

## खिलचीपुरा की नवयुवती को बनाया निशाना

**मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर में एक बार फिर लव जिहाद



का मामला सामने आया है। दरअसल खानपुरा की नवयुवती के साथ एक अन्य छात्रा पढ़ती थी। उसने अपने भाई से युवती की दोस्ती करा दी। फिर जैसा कि लव जिहाद में होता आया है, युवती और उसके भाई ने खिलचीपुरा की हिन्दू युवती को अपने कब्जे में लेना शुरु किया और उसे इतना बरगलाया कि नवयुवती साहिल पिता अनवर निवासी ईदगाह के पास खानपुरा मंदसौर के साथ रहने को तैयार हो गई। जब युवक को पता चला कि युवती के माता-पिता राजी नहीं होंगे तो वह युवती को बहला फुसला कर उसे भगा ले गया।

इसके लिए भी पहले कहानी गढ़ी गई। युवक ने खुद को बीमार होने का नाटक रचा। फिर जब नवयुवती उससे मिलने पहुंची तो उसे झांसे में लेकर भाग निकला। मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने फिलहाल गुमशुदगी दर्ज की है। युवती और युवक साहिल के मोबाईल बंद आ रहे है। पुलिस दोनो को सरगरमी से तलाश रही है।

## उत्तर पुस्तिका की सिलाई उखड़ी, टूटी या कम पेज पाये गए तो नकल श्रेणी में दर्ज होगा प्रकरण

**भोपाल, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10 वीं व 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में नकल प्रकरण पर रोक के लिए कई एहतियात बरते गए हैं। इस बार प्रश्नपत्रों के बंडलों को थाना से निकालने और वितरित करने में कई सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। प्रश्नपत्रों के साथ कोरी उत्तरपुस्तिकाओं का वितरण क्रमांकवार किया जाएगा। अगर उत्तरपुस्तिका की सिलाई उखड़ी, टूटी या कम पेज होने पर किसी भी विद्यार्थी को वितरित नहीं की जाए। ऐसी उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा, बल्कि नकल प्रकरण में दर्ज होगा।

माशिमं ने जारी दिशा-निर्देश में कहा है कि परीक्षा केंद्र पर प्रतिदिन उपयोग की जाने वाली उत्तरपुस्तिका पर आवश्यक पद मुद्रा अंकित कर तैयार करना होगी। साथ में यह भी सुनिश्चित किया जाना होगा कि उत्तरपुस्तिका की सिलाई उखड़ी या टूटी होने पर किसी भी छात्र को वितरित नहीं की जाए। ऐसी उत्तरपुस्तिका छात्रों द्वारा जमा की जाती है तो उसका मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। इसे नकल की श्रेणी में रखा जाएगा। वहीं, मंडल ने साफ कर दिया है कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शुरु होने के एक दिन पहले सभी व्यवस्था पूरी कर ली जाएं।

#### केंद्राध्यक्ष उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल को सील्ड करेंगे...

केंद्राध्यक्ष प्रतिदिन परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल सील्ड किए जाने से पहले विद्यार्थियों द्वारा अंकित रोल नंबर की जांच-मिलान की जाए, यदि कोई रोल नंबर में कांट-छांट की गई है तो उपस्थिति पत्रक से मिलान कर सही रोल नंबर अंकित कर बंडल सील्ड किया जाए। कांट-छांट के प्रकरण पाए जाते हैं तो संबंधित केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

#### ओएमआर शीट से मिलान कर लें...

ओएमआर शीट सहित उत्तरपुस्तिका पर .... **शेष पेज 4 पर**

#### इनका कहना...

इस साल नकल प्रकरण से लेकर प्रवेश पत्र और उत्तरपुस्तिकाओं के वितरण में कई जरूरी एहतियात बरती जा रही हैं।उत्तरपुस्तिका की सिलाई उखड़ी, टूटी या कम पेज पाए गए तो नकल श्रेणी में दर्ज किया जाएगा।

**बलवंत वर्मा**
**परीक्षा नियंत्रक, माशिमं भोपाल**

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिसकर्मी ने की थी मारपीट

**रतलाम, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के ग्राम बाजना में एक युवक ने खुदकुशी कर ली। परिजन व अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि उसके साथ एक पुलिसकर्मी ने मारपीट की थी। वह थाने पर शिकायत करने भी गया था। लेकिन, उसकी शिकायत नहीं सुनी गई। तनाव में आकर उसने फांसी लगाकर जान दे दी।

मामले में बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंचे तथा पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग करने लगे। उन्हें बताया गया कि पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है। वहीं ग्रामीण थाना परिसर में धरना देकर पुलिसकर्मियों पर एफआइआर व उन्हें बर्खास्त करने की मांग कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय गणेश मईड़ा पिता छगन मईड़ा निवासी रतलाम रोड बाजना ने शनिवार दोपहर अपने घर में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिवार के किसी सदस्य ने उसे फांसी पर लटका देखा तो उसे फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद उसे बाजना के सरकारी अस्पताल ले जाया गया,



जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित किया। कुछ ही देर में खबर फैली तो लोग अस्पताल में एकत्र हुए। इसके बाद स्वजन व लोग बाजना थाने पर पहुंचे तथा पुलिस को बताया कि 24 जनवरी की रात बाजना से करीब आधा किलोमीटर स्थित एक ढाबे पर गणेश गया था। वहां पुलिस वाहन से आरक्षक शफीउल्लाह व अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे थे तथा गणेश के साथ मारपीट की गई थी। इसके बाद गणेश शिकायत करने थाने गया था लेकिन किसी ने उसकी शिकायत नहीं सुनी। इसके कारण तनाव में आकर गणेश ने अपनी जान दे दी। जो भी पुलिसकर्मी दोषी है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

सैलाना एसडीओपी ईडला मौर्य भी थाने पहुंचे। उधर, जिला पंचायत सदस्य शरद डोडियार व ग्रामीण थाने पर ही डटे हुए है। वहीं परिजन व अन्य लोग थाना परिसर में धरने पर बैठ गए है। उनकी मांग है कि संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआइआर कर उन्हें बर्खास्त किया जाए, उसके बाद ही धरना समाप्त किया जाएगा।

#### बेवजह की गई थी मारपीट...

जिला पंचायत सदस्य शरद डोडियार ने बताया कि गणेश के घर के पास शादी कार्यक्रम चल रहा था। कुछ युवक बाहर बैठे हुए थे। गणेश भी अपने घर से कुछ दूरी पर खड़ा था। तभी डायल 100 वाहन से पुलिसकर्मी वहां पहुंचे थे तथा एक पुलिसकर्मी ने बेवजह गणेश के साथ मारपीट की थी तथा अन्य पुलिसकर्मी वाहन में बैठे थे। गणेश थाने गया था, लेकिन उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। उसने तनाव में आकर खुदकुशी कर ली। वाहन में सवार जो भी पुलिसकर्मी थे, उन्हें बर्खास्त किया जाए तथा मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी के खिलाफ एफआइआर लिखी जाए, नहीं तो धरना जारी रहेगा।

#### जांच कराई जा रही है...

मामले में आरक्षक शफी उल्लाह को निलंबित कर दिया गया है। एएसपी राकेश खाखा ने बताया की मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

## निजी कॉलेज संचालको में हड़कंप

### विश्व विद्यालयों ने कई गुना बढ़ाया संबद्धता शुल्क

**मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के विश्व विद्यालयों ने निजी कॉलेजों की संबद्धता शुल्क कई गुना बढ़ा दिया है। इसे लेकर निजी कॉलेज संचालको में हड़कंप मचा हुआ है। कॉलेज संचालकों ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार से लेकर राजभवन तक अपना विरोध दर्ज कराते हुए फीस कम कराने की मांग की है।

प्रदेश के विश्व विद्यालयों ने कॉलेजों से संबद्धता शुल्क 10 गुना तक बढ़ा दिया है। इसे लेकर निजी कॉलेज संचालको में हड़कंप मचा हुआ है। कॉलेज संचालकों ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से लेकर राजभवन तक अपना विरोध दर्ज कराते हुए फीस कम कराने की मांग की है। बताया जा रहा है कि इस प्रस्ताव को 31 जनवरी को होने वाली समन्वय समिति की बैठक में रखा जाएगा। संबद्धता शुल्क वापस लेने के संबंध में राज्यपाल फाइनल निर्णय लेंगे। उच्च शिक्षा विभाग के प्रदेश में 751 निजी कॉलेज संचालित किए जा रहे हैं। इन कॉलेजों में 6 लाख के करीब विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यदि कॉलेजों का संबद्धता शुल्क बढ़ता है, तो कॉलेज फीस भी बढ़ेगी। जिसका सीधा असर छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों पर होगा। इस मामले में प्रदेश के विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि उन्होंने अपनी मर्जी से शुल्क में बढ़ोतरी नहीं की है। राजभवन से निर्णय लिया गया था। अब राजभवन में 31 जनवरी को होने वाली अगली समन्वय समिति की बैठक में निर्णय लिया जाएगा। राजभवन का जो आदेश होगा उसे मान्य किया जाएगा।

#### चालू सत्र 2024-25 से लागू होगी बढ़ी हुई फीस...

अशासकीय महाविद्यालय प्रबंधन संघ के सचिव फैसल खान ने बताया कि बीयू द्वारा 20 जून 2023 को जारी अधिसूचना में समन्वय समिति की 100 वीं बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार कॉलेजों की संबद्धता शुल्क 10 गुना तक बढ़ा दी है। जो अनुचित एवं अवैधानिक है। फीस बढ़ाने का प्रस्ताव सबसे पहले विक्रम विश्व विद्यालय ने भेजा था। हालांकि वित्त विभाग ने भी इस पर आपत्ति ली थी।

#### इतनी बढ़ी फीस...

| कोर्स | सत्र 2022-23 | सत्र 2024-25 |
|---|---|---|
| बीएससी | 25,000 | 1,80000 |
| बीएसीबीईडी | 20,000 | 2,00000 |
| बीबीए | 20,000 | 2,00000 |
| एलएलबी | 20,000 | 2,00000 |
| एलएलएम | 25,000 | 2,50,000 |
| एमसीओएम | 30,000 | 10,0000 |

# विचार-मंथन

## एसडीएम को महिला कर्मी से जूते का फीता बंधवाना पड़ा महंगा



मध्य प्रदेश में सिंगरौली जिले की चित्रांगी तहसील के उपजिलाधिकारी यानी एसडीएम ने यह बुनियादी पहलू ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा और सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान अपने कार्यालय की एक महिला कर्मी से जूते का फीता बंधवाने में उन्हें कोई संकोच नहीं हुआ। देश के शासन-तंत्र के ढांचे में काम करने वाले सभी अधिकारी और कर्मचारी के लिए उनके दायित्वों के साथ एक महत्वपूर्ण संदेश यह भी जुड़ा होता है कि उनके आचरण से समाज में सकारात्मक संदेश जाए। मगर आए दिन ऐसी खबरें मिलती रहती हैं कि किसी अफसर ने अपने मातहत कर्मचारियों को अनधिकृत रूप से अपने निजी काम करने में भी लगा दिया या कुछ ऐसा कराया, जो नियमों के खिलाफ, सामाजिक और नैतिक रूप से गलत था और उससे नौकरशाही को लेकर नकारात्मक संदेश गया। मध्य प्रदेश में सिंगरौली जिले की चित्रांगी तहसील के उपजिलाधिकारी यानी एसडीएम ने यह बुनियादी पहलू ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा और सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान अपने कार्यालय की एक महिला कर्मी से जूते का फीता बंधवाने में उन्हें कोई संकोच नहीं हुआ। इस घटना की तस्वीर के सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया और लोगों ने अधिकारी के इस आचरण पर तीखी आपत्ति दर्ज की। स्वाभाविक ही इससे राज्य सरकार के लिए एक असहज स्थिति पैदा हो गई, जो अक्सर महिला सम्मान के सर्वोपरि होने की बात करती रहती है। नतीजतन, सरकार ने ऐसे आचरण के कठघरे में आए एसडीएम के तबादले का आदेश जारी कर दिया। किसी भी व्यक्ति और खासतौर पर उच्च पद पर काबिज अधिकारी के पास यह सहज ज्ञान होना चाहिए कि सार्वजनिक रूप से ऐसे आचरण का क्या मतलब होता है। मगर संबंधित एसडीएम को इस पर गौर करना जरूरी नहीं लगा कि ऐसी कोई बात कैसे उनके पद की मर्यादा और सामान्य नैतिकता के भी खिलाफ जाती है। खासतौर पर जिस दौर में महिलाओं के सम्मान और अधिकार के लिए सभी स्तरों पर जोर दिया जा रहा है, वैसे में यह घटना दावों और हकीकत के विरोधाभास को ही दर्शाती है। इसलिए उनके तबादले से संबंधित फैसले का आशय समझा जा सकता है। हालांकि आरोपों के कठघरे में आए एसडीएम ने सफाई के तौर पर कहा कि उनके पैर में चोट लगी थी और इस वजह से महिला कर्मी ने खुद ही जूते के फीते बांध दिए थे। मगर सवाल है कि वहां मौजूद और बाद में सुर्खियों में आई तस्वीर को देखने वाले लोगों को यह कैसे पता हो सकता है कि ऐसा उनके स्वास्थ्य की वजह से हुआ। फिर क्या अपने पद से जुड़े व्यवहार की सीमा और उससे जुड़े नैतिक तकाजे का खयाल रखना खुद अधिकारी के लिए जरूरी नहीं था? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी विषम परिस्थिति में सहायता या सहयोग और पद के प्रभाव में किसी कनिष्ठ कर्मचारी से निजी काम कराने की प्रकृति बिल्कुल अलग होती है। स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने की स्थिति में किसी अधिकारी या कर्मचारी के पास अवकाश लेने का विकल्प होता है। फिर यह भी देखा जाता है कि किसी कनिष्ठ या निम्नवर्गीय कर्मचारी के द्वारा 'जूते के फीते बांधने' जैसी प्रकृति के काम के पीछे एक खास मनोभाव काम कर रहा होता है, जिसमें उच्च पद का प्रभाव या उसकी आभामंडल से जुड़ा मनोविज्ञान हावी रहता है। ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारी की ही यह जिम्मेदारी होती है कि वह पद और आचरण के लिए नीतिगत तौर पर निर्धारित नियम और सामान्य नैतिक तकाजों का ध्यान रखे। विडंबना यह है कि देश में उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों के सामंती व्यवहार से जुड़ी घटनाएं अक्सर सुर्खियों में आती रहती हैं, जो इस समूचे मसले पर एक नीतिगत कसौटी तय करने की जरूरत को रेखांकित करती हैं।

## वह क्षण जो अनंत बन गया

**-जूलियो रिबैरो**

22 जनवरी को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर का अभिषेक देखना विस्मयकारी था। बेशक, नरेंद्र मोदी ने गलियारे से उस स्थान तक अपने उद्देश्यपूर्ण मार्च के साथ शो को चुरा लिया, जहां बालक राजा राम की नव-स्थापित मूर्ति स्थित थी। वहां इकट्ठे हुए 7000 गण्यमान्य व्यक्तियों को अविस्मरणीय संबोधन किया। उस भाषण को न तो 7000 लोग भूलेंगे, न ही हम जैसे बिन बुलाए लोग। अवसर का सरासर जादू, 7000 में से प्रत्येक के चेहरे पर अचूक भक्ति की झलक, हिंदू होने का गर्व जो सभी ओर यहां तक कि दुनिया के कुछ दूर-दराज के कोनों में प्रवासी भारतीयों के चेहरे पर दिखाई दे रहा था, ने एक नया आयाम दिया। हमारे लोगों और हमारे पूर्वजों का धर्म। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने अनुरोध किया था, मैंने अपनी घरेलू सहायिका को दीया जलाने का निर्देश देने के लिए प्रेरित किया। यहां तक कि मैं भी, जो आम तौर पर सरकार का आलोचक था, उस क्षण से प्रभावित हो गया। मंदिर का निर्माण अगले साल 2025 में पूरा हो जाएगा, लेकिन अप्रैल या मई में संभावित लोकसभा चुनाव से काफी पहले 22 जनवरी को मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। 2024 में मंदिर वही भूमिका निभाएगा जो बालाकोट ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए निभाई थी। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने की उम्मीद है। अपनी जीत के अंतर के आधार पर मोदी के पास मुकाबला करने के लिए कोई व्यवहार्य विपक्ष हो भी सकता है और नहीं भी। यदि 'इंडिया' गठबंधन ने इसी महीने में अपने कदम नहीं उठाए तो भारत लोकतंत्र के बारे में भूल सकता है। सभी लोकतंत्रों की जननी, (हमारे प्रधानमंत्री के अपने शब्दों में) एक निरंकुश शासन में रूपांतरित हो जाएगी। राहुल गांधी के यह संकेत देने के बाद भी कि वह गठबंधन के नेता नहीं होंगे, बल्कि उनके नामित खरगे ही चुने गए हैं। ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी, टी.एम.सी., बंगाल में लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। कांग्रेस पार्टी इस बात से नाखुश है कि टी.एम.सी. ने उसे प्रस्तावित 42 में से केवल 2 सीटें आबंटित की हैं। अरविंद केजरीवाल अखिल भारतीय पदचिन्ह चाहते हैं। वह गुजरात, हरियाणा और गोवा में सीटों की मांग करते हैं जहां उनकी पहले से ही थोड़ी उपस्थिति है। नीतीश कुमार को स्पष्ट रूप से पद पर आसीन होने की उम्मीद थी। वह निराश हैं क्योंकि उन्हें कांग्रेस के दलित नेता खरगे के साथ सम्मान साझा करना पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तर प्रदेश में योगी द्वारा पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिए गए अखिलेश यादव ने भी सोचा कि वह मध्य प्रदेश में कुछ प्रतिनिधित्व के हकदार हैं। कुल मिलाकर, 'इंडिया' गठबंधन भाजपा के रथ के सामने निराशाजनक रूप से खड़ा है और अयोध्या में राम मंदिर को एल.के.



अडवानी की बजाय मोदी के चेहरे के रूप में पेश किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने केवल एक बड़ी उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश (जो 80 लोकसभा सीटों का दावा करता है) के निवासियों की कल्पना पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने राज्य में अपराध और अपराधियों को खत्म कर दिया है। अपने शासनकाल की शुरुआत में उन्होंने कानून तोड़ने वालों के मन में डर पैदा करने के लिए पुलिस को 'मुठभेड़ों' के माध्यम से उनसे छुटकारा पाने का निर्देश देकर अपरंपरागत, यहां तक कि अवैध तरीकों का इस्तेमाल किया। संदेश प्रसारित किया गया और उस पर कार्रवाई की गई। बाद में समझदार वकीलों ने हस्तक्षेप किया और योगी को अपना रुख बदलने की सलाह दी। हर तरह से देखने पर मुझे ऐसा लगता है कि पारंपरिक तरीके (बुल्डोजर को छोड़कर) वर्तमान में चलन में हैं। विपक्षी दलों के लिए यू.पी. के साथ तालमेल बिठाना लगभग असंभव होगा। मुख्यमंत्री की लोकप्रियता. संघ के किसी भी राज्य में सरकार बनाने का सपना देखने वालों को यू.पी. का अनुसरण करना होगा। अपराध तथा अपराधियों को नियंत्रित करने के लिए उन्होंने कानूनी कदम उठाए हैं। हमारे प्रधानमंत्री जिस 'विकास' का ढिंढोरा पीटते हैं, उससे अधिक आम नागरिक जीवन और संपत्ति की सुरक्षा चाहते हैं। इस बीच, नरेंद्र मोदी चुनावी लाभ के लिए भगवान राम के प्रति कट्टर हिंदू की भक्ति का फायदा उठाएंगे। मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए जनभावनाओं का शोषण करने के लिए किसी राजनेता को शायद ही दोषी ठहराया जा सकता है। एकमात्र अफसोस संवेदनशील भाजपा को है। अनुयायी का संभवतः यह कारण हो सकता है कि राम रथ यात्रा के प्रवर्तक लाल कृष्ण अडवानी को नजरअंदाज कर दिया गया। लेकिन ये ऐसे खेल हैं जो महत्वाकांक्षी राजनेता खेलते हैं। मौका मिलने पर वे अपने प्रतिद्वंद्वियों को अपनी ही पार्टी में शामिल कर लेते हैं। राजनीति एक कठिन उद्यम है, जो खेल में माहिर है वही शीर्ष पर आता है। प्रिंट और इलैक्ट्रॉनिक मीडिया इन दिनों नरेंद्र मोदी को अपने घर पर गाय चराते और केरल और आंध्र प्रदेश, दोनों दक्षिणी राज्यों में मंदिरों का दौरा करते हुए दिखाता है, जहां वह अपनी पार्टी के लिए खाता खोलने के इच्छुक हैं। जनता की याददाश्त बेहद कमजोर है। मतदाता हमारे प्रधानमंत्री की धर्मपरायणता को भूल सकते हैं और केरल में कम्युनिस्टों या कांग्रेस और जगन मोहन रैड्डी या उनकी बहन को चुन सकते हैं, जिन्होंने आंध्र में कांग्रेस को पुनर्जीवित करने की जिम्मेदारी ली है। लगभग 200 सेवानिवृत्त राजनयिकों, सिविल सेवकों और पुलिस अधिकारियों के एक समूह, जिसे संवैधानिक आचरण समूह (सी.सी.जी.) कहा जाता है, जिसका मैं एक हिस्सा हूं, ने हमारे प्रधानमंत्री को एक खुला पत्र तैयार किया था, जिसमें इस तथ्य पर शोक व्यक्त किया गया था कि उन्होंने अपने स्वयं के उच्च संवैधानिक कार्यालयों को शामिल किया है और अयोध्या में राम मूर्ति की स्थापना की तैयारी में सरकारी एजैंसियों को भी शामिल किया है। एक धर्मनिरपेक्ष देश, जिसे संवैधानिक रूप से राज्य से धर्म को सख्ती से अलग करने का आदेश दिया गया है।

## पैरोल को न बनाएं मखौल

**-रजनीश कपूर**



जब भी किसी अपराधी का अपराध सिद्ध हो जाता है तो उसे अदालत उचित सजा सुनाकर जेल भेज देती है। जेल में हर अपराधी, जो दोषी करार दिए जाने के बाद सजा काटता है तो उसे जेल के नियम के तहत अपनी सजा पूरी करनी पड़ती है। अपराधी चाहे पेशेवर गुंडा हो, कोई आम आदमी हो जिसके द्वारा किसी विशेष परिस्थिति में अपराध हुआ हो या फिर कोई रसूखदार व्यक्ति हो, कानून सबके लिए एक समान है। परंतु क्या ऐसा वास्तव में होता है? क्या हमारे देश की जेलों में सभी के साथ एक जैसा व्यवहार होता है? रसूखदार कैदियों के संदर्भ में इस सवाल का जवाब आपको 'नहीं' ही मिलेगा। ऐसा क्या कारण है कि जेल के नियम और कायदों को तोड़-मरोड़ कर रसूखदार कैदियों को 'विशेष शिष्टाचार' दिया जाता है? आए दिन हमें ऐसी खबरें पढ़ने को मिलती हैं जब किसी रसूखदार अपराधी के खिलाफ कोर्ट में केस चलता है और उसे सजा सुना कर जेल भेज दिया जाता है। परंतु आम जनता के मन में यही शक रहता है कि जेल में जा कर भी वह रसूखदार व्यक्ति ऐशो-आराम की जिंदगी ही जिएगा। हद तो तब हो जाती है जब यह प्रभावशाली अपनी सजा के दौरान ही कई बार पैरोल या फरलो मिल जाती है। रसूखदार कैदियों को दिए जाने वाले इस विशेष व्यवहार पर जब राजनीतिक तड़का लगता है तो यह व्यवहार कई गुना बढ़ जाता है। यदि यह रसूखदार कैदी किसी ऐसे धार्मिक पंथ का मुखिया हो जिसके करोड़ों भक्त हों, तो राज्य सरकार हर चुनाव से पहले उसे पैरोल या फरलो पर छोड़ने में देर नहीं करती। यहां पर पैरोल और फरलो को समझना भी जरूरी होगा। जेल नियम के तहत एक साल में अधिकतम 100 दिन तक किसी भी कैदी को जेल से बाहर रहने दिया जा सकता है। इसमें 30 दिन की फरलो और 70 दिन की पैरोल शामिल है। राजनीतिक पार्टी कोई भी सत्ता में हो, हर पार्टी अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस प्रावधान का दुरुपयोग करती आई है। आपको ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे जहां सत्ताधारी दल ने ऐसे रसूखदार कैदियों के लिए अधिकतम कदम उठा कर उसे अधिक से अधिक समय तक जेल से बाहर रखा है। ऐसे हालात में, ऐसे किसी भी कैदी, जिसे कैद-ए-बामशक्कत की सजा सुनाई गई हो उससे आप जेल में किसी भी तरह के श्रम की उम्मीद कैसे लगा सकते हैं? जब-जब ऐसे दुर्दांत अपराधियों को जेल के नियम का दुरुपयोग कर जेल के बाहर भेजा जाता है तो पीड़ित परिवार खुद को बेबस महसूस करते हैं। ताजा मामला डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख बाबा गुरमीत राम रहीम का है। डेरा प्रमुख को 2 हत्याओं और 2 बलात्कार के मामलों में अदालत द्वारा दोषी पाया गया है। परंतु उल्लेखनीय है कि बीते 2 वर्षों में यह अपराधी लगभग 250 से अधिक दिनों तक जेल के बाहर रहा। सवाल उठता है कि क्या देश का कानून मामूली कैदियों और रसूखदार कैदियों के लिए अलग है? इस पर कानून के जानकारों का कहना है कि देश की सर्वोच्च अदालत ने ऐसे कई फैसले सुनाए हैं जहां पर पैरोल और फरलो दिए जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं कि किन-किन परिस्थितियों में कैदियों को पैरोल और फरलो दिया जा सकता। इतने अधिक समय के लिए पैरोल और फरलो दिए जाने से कैदी को दी गई सजा के मायने ही कम हो जाते हैं। ऐसा सिर्फ इसलिए क्योंकि कोई रसूखदार कैदी बलात्कार और हत्या जैसे संगीन अपराध करने के बावजूद अपने राजनीतिक संपर्कों के चलते जेल प्रशासन को अपना 'अच्छा चाल चलन' दिखाने में कामयाब हो जाता है। देश भर की जेलों में लगभग 6 लाख कैदी बंद हैं। इनमें से 75 प्रतिशत कैदियों का अभी तक ट्रायल भी पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में सवाल उठता है कि जिन कैदियों का ट्रायल पूरा नहीं हुआ उनके मानवाधिकार का हनन क्यों किया जा रहा है? उन्हें पैरोल और फरलो क्यों नहीं मिल रही? एक टी.वी. डिबेट में बोलते हुए महाराष्ट्र सरकार में जेल विभाग की प्रमुख रहीं पूर्व आई.पी.एस. अधिकारी मीरा बोरवणकर ने कहा कि किसी भी राज्य के प्रिजन मैनुअल को देखें तो पैरोल और फरलो दिए जाने के नियम साफ-साफ लिखे हैं। पैरोल केवल आपात स्थिति में दिया जाता है जब कैदी की निजी मौजूदगी अनिवार्य होती है। जैसे किसी परिवार के सदस्य की मृत्यु हो जाना या परिवार के सदस्य का विवाह। गुरमीत राम रहीम को लगातार दिए जाने वाले पैरोल पर सवाल उठाते हुए उनका कहना है।

## अयोध्या में भव्य मंदिर समारोह और बदलता हुआ भारत

अयोध्या में राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा पर चारों ओर अत्यधिक उत्साह दिख रहा है। बीते दिन मेरी कॉलोनी में ही 'राम' ब्रांड नाम वाली सुगंधित मोमबत्तियां वितरित करने के लिए एक सुरक्षा गार्ड तैनात किया गया था, मैंने भी भेंट को स्वीकार किया। निस्संदेह, 'कुछ लोग' बहुत प्रसन्न हैं और भारत में कुछ लोग भी करोड़ों में हो सकते हैं। उस दिन मेरा कैब ड्राइवर भगवान राम की छवि वाली भगवा टोपी पहने एक भजन बजाते हुए आया। मैं हर बार कार में बैठते ही ड्राइवर से संगीत बंद करने को कहता हूं। इस बार भी मैंने कहा, तो लगा कि मेरे कहने के बाद परेशानी खड़ी हो जाएगी, पर ड्राइवर ने साउंड सिस्टम बंद कर दिया। उसने मुझे देखा, फिर उसने एप पर मेरा नाम चेक किया और रियर-व्यू मिरर में मुझे फिर देखा, पर हम जल्दी ही बात करने लगे और दोस्त बन गए। मैंने उससे कहा कि राम अभिषेक को लेकर सामूहिक स्तर पर वास्तविक उत्साह कुछ कम है, उसने भी मेरे विचार को बदलने की कोई कोशिश नहीं की। आज वैसा सामूहिक उत्साह नहीं है, जैसा 1990 के दशक में हुआ करता था। मुझे लगता है, शायद इसी तरह से कोणार्क मंदिर में भी कभी प्राण-प्रतिष्ठा की गई होगी, तब भी गुरुकुल, विद्यालय बंद रहे होंगे। जब मीर बाकी ने अयोध्या में बाबरी मस्जिद बनवाई होगी, तब उसके उद्घाटन के लिए भी पूरा शहर थम गया होगा। शायद तब भी विशिष्ट जन आमंत्रित रहे होंगे। मुझे आश्चर्य है कि क्या मंदिर या मस्जिद बनाने का कार्य पुराने दिनों में भी बड़े पैमाने पर धार्मिक उत्साह जगाने में विफल रहा था? वैसे मंदिर पर बहुत व्यापक धार्मिक उत्साह न होने की एक तात्कालिक वजह भी है। यह संकेत है, धर्मनिष्ठ हिंदू जानते हैं कि उन्होंने अंततः महत्वपूर्ण तरीके से भारत को वापस जीत लिया है; सदियों से चला आ रहा सांस्कृतिक युद्ध खत्म हो गया है। बेशक, भारत में हिंदू के पीड़ित होने की भावना हमेशा से बनी रही है, तो दूसरी ओर, कुछ लोगों को यह भी शंका होती है कि इस देश में हिंदू ज्यादा मजबूत हैं। यदि अयोध्या में विजय का सर्वोच्च गौरव समभाव या सद्भाव से मिला है, तो इसका एक फल यह भी है कि विजेता पक्ष अपनी विजय को सहजता से स्वीकार कर रहा है। कुल मिलाकर, सवाल यह भी है कि भारत के लिए आगे क्या है? मुझे उम्मीद है, हम हिंदू संदर्भ में संयुक्त अरब अमीरात या यूएई की तरह हो सकते हैं। वहां देश की इस्लामी पहचान की स्पष्टता के बावजूद धर्मनिरपेक्ष आधुनिकता को भी सहेजा जाता है। वहां ऐसा करना, पश्चिमी निवेश को आकर्षित करने और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए जरूरी है। ऐसे में, दुबई की धर्मनिरपेक्षता कारगर है। यह अस्तित्व में है और अपने संकीर्ण दायरे में सुसंगत भी है। हालांकि, एक तर्क यह भी है कि भारत में दुबई जैसी सतही धर्मनिरपेक्षता संभव नहीं हो सकती, क्योंकि यूएई में मौजूद अस्थायी अल्पसंख्यक समूहों के विपरीत भारत में मुस्लिम आबादी बहुत ज्यादा है। ध्यान रहे, सदियों से हिंदू धर्म देश की निर्विवाद नींव रहा है और जाति व्यक्ति की प्रभावी सामाजिक पहचान रही है। मुस्लिम आक्रमणों व इतिहास के मुगल दौर से पहले हिंदू धर्म भारत के लिए इतना मौलिक था कि यहां कुलीन हिंदुओं ने ईसाई, बौद्ध, जैन धर्म और कई लुप्त हो चुके विश्वासों, पंथों के साथ भी अच्छा व्यवहार किया, अपना हिंदूपन खोने के भय के बिना। हालांकि, ज्यादातर लोगों के लिए जो कभी नहीं बदली, वह थी उनकी जाति। हिंदू आस्था के शानदार पुनरुत्थान के बावजूद जाति संबंधित संघर्ष जारी रहने की आशंका है।




## आज का राशिफल

मेष

वृषभ

मिथुन

कर्क

सिंह

कन्या

तुला

वृश्चिक

धनु

मकर

कुंभ

मीन

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5128

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5127

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5128

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| 7 | | | | 8 | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 9 | | | |
| ■ | 11 | | ■ | 12 | | | ■ |
| 13 | ■ | 14 | | | ■ | 15 | 16 |
| 17 | 18 | | ■ | 19 | | ■ | |
| 20 | | ■ | 21 | | ■ | 22 | |
| | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |

संकेत: बाएं से दाएं

1. 21 जुलाई 1969 को अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग एवं एडविन एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरे थे जो इस देश के है (4)
5. यथेष्ट, जरूरत से ज्यादा (3)
7. शास्त्रीय संगीत में एक राग (6)
9. मधुभाषी, शहदभाषी (4)
11. सप्ताह के दिनों में से एक (2)
12. किसी वस्तु के निर्माण में लगा खर्च (3)
14. सुंदर, कल्याण, संगीतकार नौशाद के पसंदीदा गीतकार (सिर्फ आरंभिक नाम)(3)
15. मशगूल, कार्य में लगा हुआ (2)
17. आदर्शवादी, अमिताभ बच्चन की तिहरी भूमिका वाली एक फिल्म (3)
19. सच्चरित्र, पुण्यकर्ता, सदाशय (2)
20. मिलावट, सिकुड़न, ऐंठन, शक्ति (2)
21. मार्ग, पथ, रास्ता (2)
22. बहुत बड़ा, उच्च, उत्तम (3)
23. इच्छा, प्रतिज्ञा, इरादा (3)
24. हैसियत, भूगर्भसंस्तर (2)

ऊपर से नीचे

1. मेहमान, शुभागंतुक (3)
2. एकता, मिलन, डाक (अंग्रेजी) (2)
3. सिफारिश, को अंग्रेजी में यह कहते हैं (6)
4. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने जाते थे, पिता के भाई (2)
5. असुंदर रंग वाला, विवर्ण (4)
6. शिष्टता, नम्रता, सम्मीकरण (3)
8. इलाहाबाद के मशहूर वकील जो जलियांवाला बागकांड के बाद 1919 में अमृतसर में हुई कांग्रेस के पहली बार अध्यक्ष बने (7)
10. देने योग्य, देय, नैवेद्य, प्रदेय (3)
13. दुर्भाग्यशाली, शामत का मारा (4)
16. गले में पहनने का हार (4)
18. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
21. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
22. आनंदशील, आनंदित, मनोरंजक (2)

### वर्ग पहेली 5127 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | सी | रु | दी | न | शा | ह | ■ |
| सी | र | त | ■ | म | द | र | सा |
| ब | ■ | ■ | ता | क | ■ | फ | ल |
| ■ | जु | म | ह | ह | ■ | ■ | मि |
| क | ल | म | ■ | ह | ट | ब | र |
| ला | ■ | ता | ली | म | ■ | ह | ड |
| ■ | ब | म | ■ | ■ | ■ | ब | ■ |
| ■ | ब | व | ■ | ड | का | र | ■ |





# हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस

**उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने झंडा वंदन कर ली परेड की सलामी**

**मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम स्थानीय राजीव गांधी महाविद्यालय क्रीडा परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा ने झंडा वंदन किया तथा परेड की सलामी ली। गणतंत्र दिवस के जिलास्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा मुख्यमंत्री जी का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। संदेश में उन्होंने कहा की, प्रिय प्रदेशवासियो, भारतीय गणराज्य के 75 वें गणतंत्र दिवस के मंगल अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। आज ये अमृत काल का पुण्य प्रताप है कि स्वतंत्र भारत के अमृत महोत्सव के अभूतपूर्व आयोजन के बाद अब गणतंत्र भारत के अमृत महोत्सव का शुभागमन हुआ है। देश के जन-गण-मन में देशभक्ति के अपार उत्साह और उमंग का महासागर हिलोरें ले रहा है। राज्य सरकार की पहल पर पहली बार गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल हुए जिला पुलिस बैण्ड की धुन पर बजते देशभक्ति के तराने, देश के लिए जीने और देश के लिए मरने की प्रेरणा दे रहे हैं। इस अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी बंशीलाल गुर्जर सहित, पूर्व मंत्री श्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसौदिया, श्री नानालाल अटोलिया, सभी जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्री विशाल सिंह चौहान, एएसपी श्री गौतम सोलंकी, सहित जिला अधिकारीगण, पार्षदगण व मीडिया प्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद थे।

जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में 15 प्लाटून द्वारा आकर्षक परेड आयोजित की गई। जिला स्तरीय प्लाटून में पहली बार सैनिक स्कूल का प्लाटून भी शामिल हुआ। सधी हुई परेड में सीनियर डिवीजन में प्रथम जिला पुलिस बल, दूसरे में विशेष सशस्त्र बल एवं तृतीय एनसीसी सीनियर डिवीजन बॉयज को प्रदान किया गया। जूनियर डिवीजन में प्रथम सैनिक स्कूल मंदसौर, दूसरे में एनसीसी शाउमावि क्रमांक 2 तथा तीसरे में एनसीसी सेंट थॉमस को प्रदान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं पर केंद्रित आकर्षक झांकिया भी प्रस्तुत की गयी। झांकियों में प्रथम पुरूस्कार महिला एवं बाल विकास विभाग को, दूसरा पुरस्कार जल निगम व पीएचई विभाग को एवं तृतीय पुरस्कार उद्यानिकी विभाग को दिया गया। विभिन्न स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पर प्रस्तुतियां दी गई। इसमें प्रथम पुरस्कार कबीर इंटरनेशनल स्कूल गुडभेली पिपलिया मंडी, दूसरा सेंट थॉमस स्कूल को दिया गया। इसके साथ ही दलोदा पब्लिक स्कूल द्वारा पिटी प्रदर्शन किया गया। साई पब्लिक स्कूल दलौदा द्वारा मलखंब की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कबीर इंटरनेशनल स्कूल गुड़भेली पिपलिया मंडी को उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने 21 हजार रुपये प्रदान किए। सेंट थॉमस स्कूल, दलोद पब्लिक स्कूल, श्री साई पब्लिक स्कूल को 11-11 हजार रुपए प्रदान किए। उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने लोकतंत्र सेनानी श्री गोपाल पटवा, श्री सुरेंद्र राठौर, श्री नारायण चौहान, श्री कांतिलाल रुनवाल का सम्मान किया।इसके साथ ही विधानसभा निर्वाचन के दौरान महिला कर्मियों के द्वारा मतगणना कार्य करवाने पर सभी महिला कर्मचारियों के साथ में फोटोग्राफी भी की गई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने सभी महिला कर्मियों को शुभकामनाएं भी प्रदान की। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि ने बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, सामान्य नागरिकों एवं विभागों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अन्त में राष्ट्रगान के पश्चात् समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्री जे. के. जैन द्वारा किया गया।

**जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई प्रदर्शनी का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री ने किया-** गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम के पश्चात उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने जनसंपर्क विभाग द्वारा कॉलेज ग्राउंड में लगाई गई भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के विकास कार्यों को दर्शाते हुए प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी पर नया भारत नया विधान पर आधारित थी। जिसमें भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 महिला सुरक्षा से संबंधित जानकारियां प्रदान की गई।

# नपा कार्यालय पर समारोह पूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस



**मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नपा परिषद मंदसौर के द्वारा गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विभिन्न स्थानो पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्य कार्यक्रम नपा कार्यालय भवन पर हुआ यहां नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने ध्वजारोहण किया हुडको के डायेक्टर श्री बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष नम्रता प्रितेश चावला, नपा सभापतिगणो एवं नपा अधिकारीयो कर्मचारीयो की गरिमामय उपस्थिति में नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित जनप्रतिनिधीयो व कर्मचारीयो को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाये दी। इस अवसर पर नपा सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, नपा सभापतिगण सत्यनारायण भांभी, श्रीमती निर्मला नरेश चंदवानी, निलेश जैन, रमेश ग्वाला, श्रीमती दिपमाला रामेशवर मकवाना, श्रीमती शांतिदेवी दिनेश फरक्या, श्रीमती कौशल्या प्रहलाद बंधवार, पार्षदगण रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, राम कोटवानी पूर्व नपाध्यक्ष, गोरर्धन कुमावत, दिपक गाजवा, श्रीमती भारती धीरज पाटीदार, राकेश भावसार, युसुफ गौरी, अमन फरक्या, नरेन्द्र बंधवार, नरेश चंदवानी, राजेश सोनी, रामेश्वर मकवाना, कार्यालय प्रभारी अध्यक्ष अजय मारोठिया, राजाराम तंवर, कन्हैयालाल सोनगरा, बंशीलाल टांक, अजीज उल्लाहखान सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने लॉ कॉलेज में किया ध्वजारोहण-** शुक्रवार को श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविघालय भवन पर नपाध्यक्ष एवं टस्ट की पदेन अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने गणतंत्र दिव के उपलक्ष्य में विघार्थीयो को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में आज के दिन भारतीय संविधान लागु हुआ था इसलिये हम सभी गणतंत्र दिवस की महत्ता को समझे तथा देश के महापुरूषो का सम्मान करे।

**श्रीमती गुर्जर ने मण्डीगेट व पम्प हाउस भवन पर किया ध्वजारोहण-** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने सर्वप्रथम सदर बाजार स्थित मण्डी गेट के ऐतेहासिक इमारत पर ध्वजारोहण किया हुडको के डायेक्टर श्री बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष नम्रता प्रितेश चालवा, नपा सभापतिगण निलेश जैन निर्मला नरेश चंदवानी,पार्षद भारती धीरज पाटीदार, कमलेश सिसौदिया, राकेश भावसार, युसुफ गौरी, सीएमओ सुधीर कुंमारसिह, समाजसेवी पं अरूण शर्मा, डॉ रविन्द्र पाण्डेय, अजीजउल्लाह सर, राजाराम तवंर, कन्हैयालाल सोनगरा, बंशीलाल टांक हेमचंद्र शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**नपा के जनप्रतिनिधियो ने भी ध्वजारोहण किया-** नपाध्यक्ष अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस के पावन उपलक्ष्य में नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला ने विघा विहार वाचनालय भवन पर ध्वजारोहण किया। नपा के सभापतिगणो के द्वारा भी विभिन्न स्थानो पर ध्वजारोहण किये गये निलेश जैन ने रामघाट वाटर वक्र्स भवन पर ध्वजारोहण किया गया। रामेश ग्वाला ने खानपुरा आयुवेर्दिक औषधालय भवन एवं श्रीमती कौशल्या बंधवार ने गजा महाराज शपिग काम्पलेक्स पर ध्वजारोहण किया। स्वास्थ्स सभापति दिपमाला मकवाना ने दशुपर कुंज उघान में एवं शांतिदेवी दिनेश फरक्या ने कमला नेहरू स्कुल में ध्वजारोहण किया। सत्यनारायण भांभी ने रामटेकरी पानी की टंकी एवं निर्मला नरेश चंदवानी ने मेघदुत नगर लायबेरी में ध्वजारोहण किया। इन सभी स्थानो पर संबंधित शाखा के कर्मचारीयो भी उपस्थित थे।

## कैलाश मार्ग व्यापारी संघ द्वारा झण्डावंदन किया

**मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर कैलाश मार्ग व्यापारी संघ द्वारा झण्डावंदन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुष्यंत सेठिया, हाजी एहसान मोहम्मद, नेमकुमार पोरवाल, अब्बासभाई बोहरा, संजय भाई ने झण्डा फहराया व राष्ट्रगान किया। मुख्य वक्ता श्री सेठिया ने कहा कि कैलाश मार्ग पर इसी प्रकार का कार्यक्रम कई वर्षों र्से चला आ रहा है। श्री अब्बासभाई ने कहा कि कौमी एकता की मिसाल कैलाश मार्ग पर देखी जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन पं. प्रहलाद शर्मा ने किया। आभार जाकिर भाई नागौरी ने माना। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कार दिये एवं मिठाई भी वितरित की गई।



# दशपुर विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया

**मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर विद्यालय 75 वें गणतंत्र दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सम्माननीय श्री विपिन जी गोयल एवं श्री विशाल जी गोयल द्वारा झंडा वंदन किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए, जिसमे एकल गीत, समूह गीत, भाषण, कविता, समूह नृत्य आदि शामिल थे।

सर्वप्रथम विद्यालय की छात्रा हर्षिता धाकड, सान्वी आंजना एवं कशिश जिनगर द्वारा दिए गए अपने भाषण में भारत की विविधता में एकता पर प्रकाश डाला। भारत देश ने इन 75 वर्षों में क्या खोया, क्या पाया तथा इन 75 वर्षों में भारत ने विकास में कितना सफर तय किया ? इसका विस्तार से वर्णन किया। छात्र नित्यान्त मिश्रा एवं कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के एक समूह ने एक देशभक्ति गीतों पर आधारित एक बहुत ही खूबसूरत पेरोडी की प्रस्तुति दी, जिसे सुन पूरे विद्यालय का वातावरण देशभक्तिमय हो गया। विद्यालय के कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा शहीद भगत सिंह के जीवन पर आधारित तथा देशभक्ति से ओतप्रोत एक शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसे देख पूरा विद्यालय प्रांगण वीर शहीदों की याद में नतमस्तक हो गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में भारत की आत्मा संविधान के बारे में कुछ रोचक तथ्य बताए कि मानव शरीर में जो स्थान हृदय का होता है वही स्थान भारत में संविधान का है। आपके द्वारा संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं शिक्षा का अधिकार पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस, संस्था सुपरवाइजर श्री हाकिमप्रसाद शर्मा सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की कक्षा 5 वी के छात्र- छात्राओं कुंवर्त सिंह गोड, पीयूष राज, दर्शिता कुंडरवाल, सुरभि शर्मा, कोशिका शर्मा एवं यामिनी पाटीदार द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन शिक्षक श्री सद्दाम हसन द्वारा किया गया।

# 60 वर्षो में कांग्रेस पार्टी ने देश को आत्म निर्भर बनाया-जैन

## मंदसौर शहर ब्लाक कांग्रेस द्वारा आयोजित जिला मुख्यालय पर झण्डा वंदन कार्यक्रम सम्पन्न



**मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंदसौर शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी चौराहा स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा से सरदार वल्लभ भाई पटेल चौराहा तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस दौरान देश के स्वतंत्रा संग्राम में भाग लेने वाले अमर शहीदों को याद करते हुए गगन भेदी नारे कांग्रेस जन ने लगाये इस दौरान राष्टपिता महात्मा गांधी व सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सुबह-सुबह निकाली गई कांग्रेस जन द्वारा प्रभात फेरी में बडी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विपीन जैन ने झण्डा वंदन करने के पश्चात श्री जैन ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतु पटवारी के शुभ कामनाए संदेश का वाचन किया। श्री जैन ने कहा कि इन 75 साल में भारत ने दुनिया में अपने पुरूषार्थ का परचम फहराया है। हमारे महापुरूषों के स्वतंत्र संग्राम सघर्ष से ही हमारे देश का वास्तविक निर्माण हुआ है। देश में स्टील प्लाट, खाद, कार, ट्रक, मोबाईल फोन, इलेक्टानिक, कारखाने, अस्पतालो का जाल बिछाया रेल, वही देश भेल रेल, गेल इण्डिया, इसरो, भाभा जैसे संस्थाए बनाकर विश्व में एक पहचान दिलवायी। वही देश में पिछले 10 सालों में 21 करोड लोग गरीबी के दलदल में धकेल दिये गये। देश में नव युवा बेरोजगार बैठे है देश में महंगाई ने आम लोगों की आर्थिक कमर तोड दी है संसद में हमारे नेताओं को बोलने नही दिया जाता है इसी को लेकर हमारे नेता राहुल गांधी मणीपुर से मुबई तक भारत जोडो न्याय यात्रा कर रहे है यह यात्रा जब तक जारी रहेगी जब तक आम आदमी को न्याय नही मिल जाता। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिठाई वितरित कर गणतंत्र दिवस की बधाई दी गई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक पुष्पा भारती मंदसौर शहर ब्लाक अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर,मंदसौर ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा पूर्व विधान सभा प्रत्याक्षी महेन्द्रसिंह गुर्जर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. हनीफ शेख, नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता रफत पयामी, जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण में सर्व श्री कांतिलाल राठौर, तरूण खींची, सुरेन्द्र कुमावत, मनजीतसिंह टुटेजा, अजय लोढा, साबीर इलेक्ट्रीशन, वहीद जेदी, के. के. सिंह भाटी, हाजी रशीद खान, राजेश फरक्या, गोविन्द सुरा, संजय नाहर, सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवडा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को जिला अध्यक्ष यूनुस मेव, अजजा जिला अध्यक्ष रमेश सिगार, महिला नेत्रियों में सर्व श्री सरोजसिंह सिसौदिया, इष्टा भाचावत, अनिता कोरी, वर्षा सांखला, पिंकी गौड, नेहा कनकमल जैन, मुमताज, ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस कार्यवाहक घनश्याम कुमावत, आरटीसेल के अध्यक्ष योगेन्द्र गौड, एनएसयूआई ब्लाक अध्यक्ष सम्यक जैन, मंडलम अध्यक्षगण सर्व श्री दशरथ राठौर, रमेश ब्रिजवानी, अजय सोनी, सेक्टर अध्यक्ष महेश गुप्ता, अशोक राव, राजेश खिंची, सादीकगोरी, सागर अंसारी, शिवशंकर सोलंकी, राहुल पोरवाल, रमेश कुमावत, आरीफ अंसारी, शेख बशीरूददीन एडवोकेट, रवि विनायका, मो. बिलाल, महेश आर्य, अरविन्द जैन, फखरूदीन दलोदा वाला, दिपक बसेर, जगदीश जटीया, राकेश सेन सम्राट, अजीत नाहर, अक्षय सेठिया, मो. आसीफ अंसारी, सोहेल कुरूशी इस अवसर पर उपस्थित थे। संचालन रमेश बृजबानी ने किया अंत में सभी का आभार शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने माना। यह जानकारी जिला कांग्रसे प्रवक्ता राजनारायण लाड ने दी।



## सुशील ऐरन विशेष लोक अभियोजक हुए सम्मानित

**नीमच, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस पर आयोजित मुख्य शासकीय समारोह में कलेक्टर श्री दिनेश जैन द्वारा श्री सुशील ऐरन, विशेष लोक अभियोजक, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरों, नीमच को उनके द्वारा नारकोटिक्स प्रकरणों में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय हैं कि श्री सुशील ऐरन ड्रग प्रॉसिक्यूशन के क्षेत्र में लगभग 30 वर्षों से शासन की ओर से नारकोटिक्स प्रकरणों में सशक्त पैरवी कर रहे हैं तथा इनके द्वारा लगभग 300 से अधिक प्रकरणों में शासन का ठोस प्रतिनिधित्व किया गया हैं। श्री ऐरन के द्वारा अभी तक लगभग 60,000 किलोग्राम से अधिक मादक द्रव्यों के प्रकरणों का संचालन किया गया जो अपने आप में रिकॉर्ड हैं। ज्ञातव्य हैं कि श्री सुशील ऐरन अभियोजन के क्षेत्र में लंबे समय का अनुभव रखते हैं तथा अपनी निर्भिकता एवं ईमानदारी के लिए जाने जाते हैं। श्री ऐरन अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक, नीमच तथा विशेष लोक अभियोजक (एससी/एसटी एक्ट), मंदसौर के पद पर भी कार्य कर चुके हैं।

# माहेश्वरी स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस, लहराया तिरंगा

**मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री माहेश्वरी संघ द्वारा संचालित माहेश्वरी माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण श्री चारभुजानाथ मंदिर पंच माहेश्वरीयान ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णचंद चिचानी ने किया।

ध्वजारोहण समारोह को संबोधित करते हुए श्री चिचानी ने कहा कि देश की आजादी को अक्षुण्ण रखने के साथ ही संविधान के रक्षा और उसका अक्षरश:: पालन का भी संकल्प ले। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे मंदिर ट्रस्ट के सचिव सत्यनारायण छापरवाल, विशेष अतिथि जिला माहेश्वरी समाज के सचिव मनीष सोमानी, पार्षदद्वय सुनील बंसल व दिव्या अनूप माहेश्वरी और महिला



मण्डल की सचिव राखी मंडोवरा ने भी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र हित और देश के विकास में योगदान देने की बात कही। स्वागत भाषण श्री माहेश्वरी संघ के अध्यक्ष अरुण भदादा ने दिया। इस अवसर बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियाँ दी। इस दौरान स्कूल के बच्चों के समाजसेवियों की ओर से अतिथियों ने स्वेटर भी वितरित किये। साथ ही छापरवाल परिवार की ओर से मिठाई और बिस्किट भी वितरित किये गए। ध्वजारोहण के पश्चात् सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित भी किया गया। समारोह में समाज के वरिष्ठ हरिवल्लभ चौधरी व कृष्णकुमार बाहेती, मंदसौर माहेश्वरी समाज के सचिव गोपाल पंसारी, संघ के संरक्षक विजय चौधरी, कोषाध्यक्ष विजय पलोड, श्रीमती सुनीता बाहेती व समाज प्रवक्ता व पत्रकार राहुल सोनी भी मौजूद थे। संचालन प्राचार्य किशोर सोनी ने किया व आभार रमेशचंद्र परवाल ने माना।



## कनिष्ठ अभिभाषक प्रांजलि यजुर्वेदी ने किया नीमच-मंदसौर का नाम रोशन

**नीमच, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के वरिष्ठ अभिभाषक प्रफुल्ल यजुर्वेदी की होनहान पुत्री सुश्री प्रांजलि यजुर्वेदी को म.प्र.उच्च न्यायालय न्यायालय इन्दौर के सर्वश्रेष्ठ कनिष्ठ अभिभाषक पुरस्कार से न्यायाधीपति सर्वोच्च न्यायालय श्री जे.के.माहेश्वरी व्दारा गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया है। सुश्री प्रांजलि को वरिष्ठन्यायमूर्ति की उपस्थिति में एस.एम सवत्सर पुरस्कार व 51000 रू. प्रदान की गई। कनिष्ठ अभिभाषक प्रांजली ने पुरूस्कार हासिल कर अविविभाजित मंदसौर—नीमच जिले का नाम रोशन किया है। नीमच जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष मनीष जोशी ने बताया कि यह बडी खुशी की बात है कि प्रांजली यजुर्वेदी ने सर्वश्रेष्ठ अभिभाषक पुरूस्कार हासिल किया है। जल्द ही उनका सम्मान अभिभाषक संघ द्वारा किया जाएगा।

## भारत पर्व कार्यक्रम में हुई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस की संध्या में लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व का आयोजन कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, डीएफओ श्री संजय, अपर कलेक्टर श्री विशाल चौहान, लोक सेनानी श्री पटवा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ किया। कार्यक्रम में जिले के स्थानीय कलाकारों एवं कलासमूहों द्वारा नृत्य, गायन, वादन एवं अन्य आकर्षक व रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। ग्राम झोंकर जिला शाजापुर के रहने वाले प्रसिद्ध भजन गायक दिनेश कुमार धौलपुरे द्वारा मालवी लोक संगीत कबीर भजन की प्रस्तुति अपनी 10 सदस्य दल मंडली के द्वारा दिया गया। कलाकारों द्वारा वाद्य यंत्र, ढोल, मृदंग एवं देशभक्ति के नृत्य पर आकर्षक प्रस्तुती दी गई। उज्जैन की टीम द्वारा लोक नाट्य प्रस्तुत किया गया। देश भक्ति के गीतो ने श्रोताओं का मन मोह लिया। श्रोताओं ने मंत्रमुग्ध होकर इन सभी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का रसास्वादन किया।

# कबीर इंटरनेशनल स्कूल ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कबीर इंटरनेशनल स्कूल मे प्राचार्य द्वारा झंडा वंदन किया गया तत्पश्चात समस्त विद्यार्थी व शिक्षक गण मंदसौर कॉलेज ग्राउंड में उपस्थित हुए। वहाँ विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई।अपनी प्रस्तुति में भारत के वीर सेनानी भगत सिंह सुखदेव, राजगुरु और ऐसे कई स्वतंत्रता सेनानियों का चित्रण प्रस्तुत किया जिन्होंने भारत देश को स्वतंत्र करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी ।उनके त्याग व बलिदान को याद करते हुए आज भी हमारी आंखें नम हो जाती है परंतु सिर गर्व से उंचा हो जाता है कि हमने ऐसी भूमि पर जन्म लिया है जो वीर शहीदों की जननी है। कक्षा चौथी से नवी तक के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत पगडी संभाल जट्टा व देश मेरे देश मेरे की धुन पर अपना नृत्य प्रदर्शन किया। संपूर्ण परिसर तालिया की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। नृत्य एवं नाटक का मार्गदर्शन विद्यालय के डांस टीचर रोहित आनिया द्वारा किया गया। विद्यार्थियों की इस शानदार प्रस्तुति की उप मुख्यमंत्री माननीय श्री जगदीश जी देवडा एवं उपस्थित समस्त अतिथियों द्वारा प्रशंसा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यालय को प्रथम पुरस्कार व 21000 की धनराशि से सम्मानित किया गया। बच्चों का हर्ष और उल्लास देखने योग्य था। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व समस्त दर्शकों द्वारा बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की गई। अंत में विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर कमलेश जी पमनानी द्वारा सभी को गणतंत्र दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई।

# देश में आईआईटी के पहले सेटेलाईट परिसर की स्थापना उज्जैन में होगी

## मुख्यमंत्री के समक्ष विशेषज्ञों ने दिया प्रेजेंटेशन, केंद्र की लागत 474 करोड़ होगी

**उज्जैन, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश में शोध आधारित प्रथम आईआईटी सैटेलाइट परिसर की स्थापना उज्जैन में होगी। देश का अपने तरह का यह अनूठा संस्थान होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उज्जैन में आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के निदेशक और विशेषज्ञों ने भेंट कर उज्जैन में प्रस्तावित सैटेलाइट परिसर के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुतीकरण में जानकारी दी गई कि इस केन्द्र की लागत 474 करोड रूपए होगी। आने वाले डेढ से दो वर्ष की अवधि में यह कार्य पूर्ण होगा।

**अन्य प्रदेशों के लिए भी उपयोगी होगा सैटेलाइट परिसर-** उज्जैन के सैटेलाइट परिसर की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व में भी प्रयास किए। उन्होंने हाल ही में दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय शिक्षा व कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की थी। इस क्रम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंदौर द्वारा उज्जैन में सैटेलाइट परिसर स्थापित करने की परियोजना शामिल है। यह परियोजना तैयार कर वर्ष 2023 में शिक्षा मंत्रालय को स्वीकृति के लिये भेजी गई थी। उज्जैन सैटेलाइट परिसर एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे पूरे भारत और विशेष रूप से मध्य प्रदेश के छात्रों, शिक्षकों और औद्योगिक कर्मियों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव को प्रेजेंटेशन में बताया गया कि सेटेलाइट परिसर में डीप टेक रिसर्च एंड लैबोरेट्री डिस्कवरी सेंटर, डिस्कवरी सेंटर, लैब टू मार्केट सेंटर और एस्ट्रोनॉमी एंड स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विविध गतिविधियां होंगी। इसका व्यापक लाभ विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और आमजन को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जानकारी दी गई कि कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में आईआईटी सक्रिय है। कृषि के विविध रूपों और नवीन तकनीक के संबंध में भी शोध कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्यानिकी और फूलों की खेती के भविष्य में विस्तार की संभावनाओं पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

**महत्वपूर्ण होगा मौसम विज्ञान से जुड़ा अनुसंधान-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विशेषज्ञों ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर अचानक बाढ आने की गत 60 वर्ष की घटनाओं का अध्ययन किया गया है। अचानक तेज बारिश से बड़े पैमाने पर जन-धन की हानि होती है। वायुमंडल में विभिन्न रसायनों के निर्माण की प्रतिक्रिया से तेज बारिश की आशंका बढ जाती है। इस संबंध में विस्तृत अध्ययन के बाद ऐसा मॉडल विकसित किया जा रहा है, ताकि तीव्र वर्षा का पूर्वानुमान लगाया जा सके। विशेषज्ञों ने जानकारी दी कि जल संसाधनों की मैपिंग और ऐसे आवश्यक उपाय तलाशने का कार्य भी किया जाएगा, जो जल स्त्रोतों के जल स्तर के अनुकूल जल के उपयोग पर आधारित होगा। इस अवसर पर डायरेक्टर आईआईटी इंदौर प्रो सुहास एस जोशी , डीन (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) प्रो. आई. ए. पलानी, रजिस्ट्रार एस पी होता उपस्थित थे।



## लाभ में है बिजली कम्पनी, नियामक आयोग को भेजी आपत्ति

इंदौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। मप्र पावर मैनेजमेंट कम्पनी ने मध्य प्रदेश नियामक आयोग में अलग से सत्यापन याचिका लगाई है। इसमें बिजली कम्पनी में 1837 करोड़ रुपए का अंतर बताया है। इसके चलते बिजली की दरें 3.86 प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया है। सत्यापन याचिका की सुनवाई 6 फरवरी को ऑनलाइन मोड पर होगी। इस याचिका में दर्ज आंकड़ों पर बिजली मामलों के जानकार अधिवक्ता राजेंद्र अग्रवाल ने नियामक आयोग में आपत्ति लगाई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बिजली कंपनी में 1837 करोड़ का अंतर नहीं है। बल्कि 4100 करोड़ के फायदे हुए हैं। जिसका लाभ आम उपभोक्ता को बिजली के दाम बढ़ाकर नहीं बल्कि कम करके देना चाहिए।

### चोरी का भार उपभोक्ताओं पर डालना गलत

राजेंद्र अग्रवाल ने आपत्ति के माध्यम से बताया कि बिजली कंपनी ने 2022-23 में 2880 करोड़ रुपए विद्युत हानि का था। कंपनी ने इस याचिका में 1340 करोड़ रुपए का भार कंपनी खुद वहन करने का प्रस्ताव दिया है। शेष बिजली चोरी के 1540 करोड़ रुपए का नुकसान उपभोक्ताओं से वसूलने का प्रस्ताव दिया है, जो कि गलत है।

# राज्य में दौड़ेंगी दो हजार नई डायल 100

## सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया आदेश, मार्च तक नई कंपनी संभाल सकती है काम

भोपाल, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। प्रदेश में नए डायल-100 वाहनों के संचालन का मामला सुप्रीम कोर्ट से निपट गया है। मार्च तक नई कंपनी के काम संभालने की उम्मीद है। इसके बाद नए डायल-100 वाहन दौड़ने लगेंगे। अभी कंडम वाहन के चलते एक हजार में से 100 से 150 वाहन हर समय अनफिट रहते हैं। नई कंपनी को जिम्मेदारी मिलने पर नए वाहन आ जाएंगे। साथ ही वाहनों की संख्या चरणबद्ध तरीके से एक हजार बढ़ाकर दो हजार की जाएगी। अभी टाटा सफारी वाहन चल रहे हैं उनकी जगह शहर में इनोवा और ग्रामीण क्षेत्रों में बोलेरो वाहन चलेंगे। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि नई कंपनी को संचालन की अनुमति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।



बता दें कि अभी काम कर रही बीवीजी कंपनी का कार्यकाल 2020 में ही पूरा हो चुका है। पर, नई कंपनी नहीं आने के कारण तीन वर्ष से छह-छह माह के लिए उसका कार्यकाल बढ़ाया जाता रहा है। नए टेंडर में शर्तों पर खरा नहीं उतरने के कारण एक कंपनी को अयोग्य करार दिया गया तो कंपनी ने हाई कोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। यहां से भी कंपनी के पक्ष में निर्णय नहीं हुआ। इसके बाद हैदराबाद की एक कंपनी को संचालन सौंपने का निर्णय लिया गया। शासन की स्वीकृति मिलने पर कंपनी काम करने लगेगी।

### दोगुनी हुई संचालन की राशि

प्रदेश में डायल-100 वाहनों के संचालन के लिए सितंबर 2022 में 690 करोड़ रुपये की निविदा निकाली गई थी। लेकिन, समय बढ़ने के साथ अब यह राशि 1350 करोड़ रुपये हो गई है। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों का कहना है कि समय बढ़ने के साथ कुछ नई सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं, जिससे संचालन का खर्च बढ़ गया है।

### नई कंपनी आने पर यह सुविधाएं बढ़ेंगी...

अभी एक हजार वाहन चल रहे हैं। प्रतिवर्ष 200 वाहन बढ़ाकर इनकी संख्या 2000 की जाएगी। वाहनों में तैनात पुलिसकर्मियों को बाडीवार्न कैमरे दिए जाएंगे, जिससे घटना स्थल की रिकार्डिंग हो सके। जीपीएस के माध्यम से फोन करने वाले की सही लोकेशन ली जाएगी। इसके लिए निजी मेप प्रोवाइडर का सहयोग लिया जाएगा। ऐसी सुविधा रहेगी, जिसमें फोन करने वाले का नंबर डायल-100 के पुलिसकर्मियों को पता नहीं चलेगा। काल सेंटर की क्षमता 80 से सौ सीटर की जाएगी। पहले पांच वर्ष के लिए कंपनी को संचालन की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसे बढ़ाकर छह वर्ष किया जा रहा है।

### मामला हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट और हेलमेट के कानून का...

# लोगों की जान से खिलवाड़

# अधिकारी सिर्फ रिपोर्ट पेश कर रहे

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। जबलपुर हाईकोर्ट ने हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट, हेलमेट व सीट बेल्ट की अनिवार्यता के मामले में शासन की रिपोर्ट पर असंतोष जताया। ओपन कोर्ट में टिप्पणी करते हुए कहा, जनता की जान से खिलवाड़ हो रहा है। लेकिन, यहां सिर्फ रिपोर्ट पेश हो रही हैं। सरकारी गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी हैं। चीफ जस्टिस रवि मलिमठ और जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने राज्य सरकार से 6 फरवरी तक फिर रिपोर्ट तलब की है।




### सरकार की रिपोर्ट पर जताया असंतोष...

पिछली सुनवाई में प्रदेश के परिवहन आयुक्त और एडीजीपी को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे। जवाबदावा पेश किया गया। पूर्व में जुलाई माह में सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने अंडरटेकिंग दी थी कि छह माह में प्रदेश की हर गाड़ी पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लग जाएंगी। हर दोपहिया वाहन चालक के सिर पर हेलमेट होगा। कार चालक सीट बेल्ट पहनेगा। सरकार ने अंडरटेकिंग दी थी कि 15 जनवरी 2024 के बाद यदि एक भी वाहन चालक उक्त नियमों का उल्लंघन करता है, तो परिवहन आयुक्त व एडिशनल इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस अवमानना की कार्रवाई के लिए जिम्मेदार होंगे। ग्वालियर की विधि छात्रा ऐश्वर्य शांडिल्य ने 2021 में ग्वालियर बेंच में याचिका दायर की थी।

## 30 को कांग्रेस के विधानसभावार सम्मेलन आयोजित होंगे

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर जिले में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस संगठन के विधानसभावार सम्मेलन 30 जनवरी 2024 मंगलवार को आयोजित होंगे। जिसमें गरोठ विधानसभा सम्मेलन प्रात: 10 बजे दुधाखेडी माताजी मंदिर में आयोजित होगा। वही सुवासरा विधानसभा सम्मेलन दोपहर 1 बजे जैन दादावाडी सुवासरा में आयोजित होगा। मल्हारगढ विधानसभा सम्मेलन दोपहर 3 बजे बंजारी बालाजी पानपुर में आयोजित होगा। इस सम्मेलन में मंदसौर लोकसभा के समन्वयक पूर्व मंत्री पीसी शर्मा व पूर्व विधायक श्री दिलीप सिंह गुर्जर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। श्री शर्मा व श्री गुर्जर सभी बूथ प्रभारीयो व निर्वाचित जन प्रतिनिधियों, संगठन के पदाधिकारियों से लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा भी करेंगे। आगे और अधिक जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड ने बताया कि सम्मेलन में सभी पूर्व विधायक, विधानसभा के प्रत्याशी, जिला एवं समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, मंडलम सेक्टर, बीएलए, सभी मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ के अध्यक्षगण, जिला, जनपद के सदस्यगण, पार्षद गण सम्मिलित होंगे।

# बिजली विभाग ने बंद की आधे गांव की बिजली

## ग्रामीणों ने कहा-हम बिल भरने को तैयार, अधिकारी कह रहे-हम दो दिनों से कर रहे अलाउंस

सेमलियाकाजी, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। बिजली विभाग द्वारा ग्राम सेमलिया काजी गांव में कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से बिजली का बिल जमा नहीं करने के बाद विभाग द्वारा आधे गांव की बिजली काट दी गई।

ग्रामीणों ने कहा बिजली विभाग के तानाशाही रवैये के कारण ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। सबसे ज्यादा समस्या परीक्षा नजदीक होने के कारण छात्रों को हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग की मनमानी के कारण ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जिन छात्रों की कक्षाएं ऑनलाइन चल रही है, उनकी पढ़ाई नहीं हो पा रही है। इसके साथ ही बोर्ड की परीक्षाएं नजदीक है, ऐसे में बिजली आपूर्ति बाधित कर दिए जाने के कारण ऐसे छात्रों की भी पढाई अंधेरे के कारण नहीं हो पाएगी।

**जिनने बिल नहीं दिया, उनके जमा करवाए विभाग** –ग्रामीणों ने कहा कि गांव में जिन लोगों ने बिजली बिल नहीं दिया है, उनसे विभाग बिजली बिल जमा करवाए। कुछ लोगों की बेपरवाही का खामियाजा आधा गांव भुगत रहा है यह ठीक नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर से आधे गांव की बिजली बंद कर दी है। ग्रामीण राजू शाह, जाकिर शाह, तजमोहम्मद शाह, शाहरुख शाह, यूसुफ, इरफान आदि ग्रामीणों ने बताया कि हमे बिना सूचना के ही लाइन काट दी है अब हम बिल भरने को तैयार है फिर भी लाइन नही जोड़ी जा रही है। मामले में लाइनमैन घनश्याम सिंह का कहना है कि हम दो दिनों से अलाउंस करवा रहे है फिर ग्रामीण बिल जमा नही कर रहे है 50% से ऊपर बिल जमा होने के बाद लाइन चालू की जाएगी। मामले में अफजपुर सुपरवाइजर उघ जैन का कहना है कि अलाउंस करवाया गया था सभी को बताने का प्रयास किया गया था आज भी दिनभर लाइनमैन गांव में ही थे सभी को बताया गया।

# चंबल नदी से मिला मासूम बच्ची का शव

## पत्नी से विवाद के बाद कलयुगी पिता ने ही गांधीसागर में फैका था

भानपुरा, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। कलयुगी पिता ने अपनी 4 साल की बेटी को चार दिन पहले चंबल नदी में फेंक दिया था। जिसका शव पानी में गोताखोर चार दिन से तलाश रहे थे। शुक्रवार को उसका शव मिल गया।

पुलिस ने आरोपी की पत्नी सोहन बाई की शिकायत पर भानपुरा थाने पर अपहरण का केस दर्ज किया था। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो आरोपी पिता रघुनंदन बेटी को बाइक पर साथ ले जाते दिखा। लेकिन, लौटते वक्त वह अकेला ही दिखा। पूछताछ में उसने बेटी को चंबल नदी में फैक देने की बात कबूल कर ली। मामले में अपरहण के साथ हत्या की धारा बढ़ाई गई। 4 वर्षीय चेतना के पिता रघुनंदन मीणा और उसकी पत्नी सोहन बाई के बीच अक्सर झगड़ा होता था। 22 जनवरी को भी उनके बीच झगड़ा हुआ। जिसके बाद रघुनंदन ने बेटी चेतना को अपने साथ ले जाकर चंबल नदी में फैक दिया। भानपुरा थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति ने बताया पुलिस और प्रशासन की टीम ने मछुआरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। चौथे दिन उन्हें कामयाबी मिली। बालिका का शव घटनास्थल से एक किमी दूर नदी में मिला। पुलिस ने आरोपी पिता को न्यायालय में पेश किया था, जहां से उसे जैल भेज दिया गया।

# कार्यवाही: शहर पुलिस ने एक बदमाश से जप्त की 2 बाइक

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। शहर कोतवाली पुलिस ने एक बदमाश को हिरासत में लेकर 2 बाइक बरामद की है।





जानकारी अनुसार आबिद अली पिता हसन खां जाति मेवाती उम्र 52 साल निवासी नयापुरा मंदसौर हा.मु.अभिनदन कालोनी मंदसौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 जनवरी 2024 को दोपहर करीबन 05.30 बजे नयापुरा उसकी मोटर सायकल नंबर MP.14.MR.1479 से गया था, जहां मस्जिद के बाहर से उसकी मोटर सायकल किसी अज्ञात बदमाश द्वारा चोरी कर ली गई। रिपोर्ट पर से अपराध धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अपने आसूचना तंत्र को सक्रिय कर मोटर सायकल की तलाश के प्रयास प्रारम्भ किये गये। मुखबीर सुचना के आधार पर ग्राम अलावदा खेड़ी में ईट भटटो के पास आरोपी मंगल पिता पिता रामलाल डाबी जाति बागरी उम्र 28 साल निवासी ग्राम कराड़िया थाना आलोट जिला रतलाम हाल मुकाम बालागंज मंदसौर थाना कोतवाली जिला मंदसौर को अपराध में चोरी गई मोटर सायकल सहित पकड़ा जाकर चोरी गई मोटर सायकल जप्त की गई। विवेचना के दौरान आरोपी की निशानदेही पर एक अन्य मोटर सायकल क्रमांक MP.14.MZ.4340 भी जप्त की गई है, जो कि आरोपी द्वारा अन्य स्थान से चुराई गई थी।

# इंडिया गठबंधन की मजबूती से बीजेपी घबराई हुई है, लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन पूरे भारत में भाजपा को हराएगा-गुर्जर

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की दिलीप गुर्जर ने बैठक ली

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। कांग्रेस पार्टी के लोकसभा समन्वयक पूर्व विधायक श्री दिलीप सिंह गुर्जर ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय मंदसौर पर बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मंदसौर-नीमच जिले के कांग्रेस पार्टी सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए। सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी ने श्री गुर्जर से वन टू वन चर्चा की। इससे पहले जिला कांग्रेस कार्यालय में श्री गुर्जर का फूलमालाओं से कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयो ने स्वागत किया।




इस अवसर पर लोकसभा समन्वयक पूर्व विधायक श्री दिलीप सिंह गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी बूथस्तर पर कार्य करें व धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के लोगों को अपने संगठन से जोड़ने का कार्य तत्परता से करें। निष्क्रिय पदाधिकारी को तुरंत हटाया जाए। श्री गुर्जर ने पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रभारी व ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण स्तर पर जाकर पार्टी के कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर काम करें। स्वागत भाषण विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विपिन जैन ने देते हुए कहा कि मंदसौर जिले में संगठन पूरी तरह मजबूत है हर कांग्रेस कार्यकर्ता मजबूती से लोकसभा चुनाव में कार्य करने के लिए तैयार है। श्री जैन ने आगे कहा कि मंदसौर जिले में विधानसभावार कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होंगे, वही निष्क्रीय लोगों को हटाकर नए लोगों को मौका दिया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल, नंदकिशोर पटेल, पुष्पा भारती, जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष प्रकाश रातडिया, विधानसभा प्रत्याशी रहे उमरावसिंह गुर्जर, राकेश पाटीदार, परशुराम सिसोदिया, महेंद्रसिंह गुर्जर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख, जिला संगठन मंत्री राजेशसिंह रघुवंशी, प्रदेश युवक कांग्रेस के महामंत्री सोमिल नाहटा, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्षगण में सर्वश्री डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर, विकास दशोरा, गोपाल विश्वकर्मा, सुरेश पाटीदार, ईश्वरलाल धाकड, अनिल शर्मा, बसंतीलाल सोलंकी, वीरेंद्र सिंह हाडा, कृपालसिंह, कन्हैयालाल पाटीदार, जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री ओम सिंह भाटी, गोविंदसिंह पवार, कांतिलाल राठौर, लियाकत शेख, अजहर हयात मेव, संजय सोनी, प्रवीण मागरिया, मनजीत सिंह टुटेजा, जगदीश धनगर, अजय लोढा, अंजू तिवारी, इष्टा भाचावत, रविंद्र पाटीदार, आदित्य पाटील, कमलेश सोनी(लाला), अनिल बोराना, सुनील बसेर, संदीप सलोद, विश्वास दुबे, संग्रामसिंह कुरावन, रमेश सिंगार, अशोक खींची, शक्तिदानसिंह सिसोदिया, तुलसीराम पाटीदार, दीपकसिंह गुर्जर, तरुण बाहेती, हिदायतुल्ला खान, मजहर खान, शुभम कुमावत, मनीष चौहान, घनश्याम कुमावत, अंबालाल हिंगोरिया, वकार खान, ईश्वर भावसार सहित जिला व ब्लॉक पदाधिकारी, मंडलम, सेक्टर, बीएलए व संसदीय क्षेत्र से आए सैकड़ो कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर ने किया आभार मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा ने माना। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड ने दी।

# नये बिजली मीटर से जनता की जेब पर बढ़ रहा भार-कुमावत

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा इन दिनों नये बिजली के मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। जनता की इच्छा के विपरित यह कार्य विद्युत कम्पनी के अधिकारी कर रहे है। नये बिजली के मीटर से सीधे तौर पर जनता की जेब पर भार बढ रहा है तो वहीं रोजगार भी समाप्त हो रहा है।



उक्त बात कहते हुए जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं युवा इंटक के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमावत ने बताया कि नये बिजली के मीटर से बिजली के बिलों में इजाफा देखने को मिला जनता को भी शंका है कि नये बिजली मीटर अधिक रिडिंग बना रहे है। आमजनो की इच्छा के विपरित विद्युत कम्पनी द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। वहीं नये बिजली के मीटर का शुल्क भी उपभोक्तओं से बिल में जोढकर वसूला जायेगा जो की गलत है। श्री कुमावत ने कहा कि नये बिजली के मीटर लगाने के लिए उपभोक्ता नहीं कह रहे है। बिजली कम्पनी अपनी स्वेच्छा और सुविधा के लिए यह कार्य कर रही है ऐसे में इसका शुल्क कम्पनी को स्वयं वहन करना चाहिए। श्री कुमावत ने बताया कि नये मीटर में प्रति माह की बिजली खपत की रिडिंग भी ऑनलाईन जायेगी जिससे वर्तमान में जो आउटसोर्स के कर्मचारी विद्युत कम्पनी में घर-घर जाकर रिडिंग लाने का कार्य कर रहे है उनके रोजगार पर भी संकट खडा होगा। वहीं नये बिजली मीटर ऑनलाइन सिस्टम से चलेंगे जिन्हें हैक करना आसान होगा और विद्युत कम्पनी अपने स्वार्थ के लिए रिडिंग कम ज्यादा कर सकेंगे जिसका भी दुष्प्रभाव उपभोक्ता पर पढने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं भविष्य में बिजली कम्पनी द्वारा इन मीटर के माध्यम से प्री पेड सिस्टम करने की भी योजना है मतलब बिजली खपत से पहले उसका भुगतान करना होगा। जिससे आम गरीब उपभोक्ता पर दोहरी मार पडेगी। ऐसे में नये बिजली के मीटर आमजन विरोधी है इन्हें लगाना का कार्य तत्काल प्रभाव से बंद करना चाहिए।

# मंदसौर में क्रिकेट का महाकुंभ

# वीपीएल-2 का आयोजन 2 से

मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। शहर के प्रतिभावान खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के लिए इस वर्ष भी गनेडीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वात्सल्य प्रीमियर लीग 2 का आयोजन किया जा रहा है। 2 फ़रवरी से नूतन स्कूल खेल परिसर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारी पूर्ण हो चुकी है।इसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके खिलाडी भी भाग लेंगे।वही स्थानीय खिलाड़ी भी बल्ले और गेंद से अपने जौहर दिखायेंगे। 11 फ़रवरी को प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच खेला जाएगा।

ये खिलाडी होंगे आकर्षण का केंद्र-वीपीएल में जो खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उसमे आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की और से खेल चुके अमन खान, किंग्स 11 पंजाब की और से खेल चुके शिवम सिंह, रमनदीप सिंह (केकेआर), शुभम् गढ़वाल (राजस्थान रॉयल्स), दीपक पुनिया (मुंबई इंडियंस), मोहित राठी (किंग्स 11 पंजाब) तथा भारत की और से अंडर 19 विश्व कप खेल चुके मयंक रावत भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

इन टीमो के बीच होंगे मुक़ाबले-वात्सल्य प्रीमियर लीग में श्री मोहन मेघनानी, श्री रमेश अग्रवाल की (सफल वॉरियर्स), श्री विशाल गोयल की (मंदसौर मावेरिक्स), श्री निरांत बग्गा की (सर्क स्पार्टन्स), श्री सुधीर लोढ़ा, श्री उपेन्द्र भूता की टीम (राज राइडर्स), श्री पीयूष गर्ग, श्री कपिल नाहटा की (मंदसौर इंडियंस) तथा रजत डोसी की मंदसौर स्ट्राइकर टीम प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

### आज माता मोढेश्वरी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ पूर्णाहूति एवं महाप्रसादी भी होगी

# मोड़ चतुर्वेदी ब्राह्मण समाज ने निकाली भव्य कलश यात्रा



मंदसौर, 27 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। मोढ चतुर्वेदी ब्राह्मण समाज द्वारा 26 से 28 जनवरी तक तीन दिवसीय मॉ मोढेश्वरी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन स्थानीय अभिनन्दन नगर एक्सटेंशन स्थित मोढ चतुर्वेदी ब्राह्मण धर्मशाला (मातंगीधाम) पर किया जा रहा है। जिसके तहत 26 जनवरी, शुक्रवार को श्री गणेश पूजन, देवता आव्हान, सप्तशती पाठ, मण्डप पूजन, गृह शांति, जलाधिवास के कार्यक्रम आयोजित तथा आरती की गई।

द्वितीय दिवस 27 जनवरी को शनिवार को पूजन व चण्डी हवन के पश्चात् सिद्धेश्वर महादेव अभिनंदन नगर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 101 महिलाएं सर पर कलश धारण कर सम्मिलित हुई। बड़ी संख्या में समाजजनों ने इस कलश यात्रा में सहभागिता की। इस कलश यात्रा में समाजजन भजन कीर्तन एवं नृत्य करते हुए चल रहे थे। कोई श्री परशुराम स्वरूप में तो कोई माताजी के स्वरूप में त्रिशूल, तलवार, ध्वजा दंड हाथ में लिये चल रहा था। इस कलशयात्रा में मंदिरजी के शिखर पर चढाये जाने वाला कलश भी था। सभी भक्त उत्साह से इस कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। कलश यात्रा मोड़ ब्राह्मण धर्मशाला पहुंची जहां गृह शांति के साथ पंच कुंडात्मक यज्ञ हवन किया गया। धर्मशाला स्थल पर स्नपन (महाभिषेक), अन्नाधिवास, शैय्याधिवास, आरती एवं प्रसादी का कार्यक्रम हुआ। समाज सचिव डा. ब्रजेश शर्मा ने बताया कि नगर में मां मोढेश्वरी का यह प्रथम मंदिर स्थापित हो रहा है, भारत देश में मां मोढेश्वरी का प्रथम मंदिर मोढेरा गुजरात में स्थित है। मोड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, सचिव बृजेश शर्मा, प्राण प्रतिष्ठा समिति संयोजक रजनीकांत शुक्ला सहित ने सभी मोड ब्राह्मण समाजजन सपरिवार उपस्थित हो कर आयोजन में सहभागिता करने की अपील की।

**भजन संध्या का हुआ आयोजन**– तीन दिवसीय आयोजन के तहत प्रथम दिवस रात्रि में अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक गिरीश शर्मा की अति सुंदर भजन संध्या आयोजित की गई जिसमें भक्तों ने भक्ति रस के आनंद में डूबकर नृत्य किया तथा महिलाओं ने भजन एवं कीर्तन किया।

**आज मूर्ति प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति एवं महाआरती**– मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने बताया कि तीन दिवसीय माताजी की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत आज 28 जनवरी, रविवार को मोढ चतुर्वेदी ब्राह्मण समाज धर्मशाला पर पूजन हवन के साथ हवन की पूर्णाहुती होगी। साथ ही पूर्ण विधि विधान से मूर्ति प्रतिष्ठा, कलशारोहण भी होगा। तत्पश्चात् महाआरती के पश्चात् महाप्रसादी का आयोजन होगा।

उत्तर पुस्तिका की ... पेज 1 से जारी

विद्यार्थियों द्वारा भरी जाने वाली जानकारी की जांच व मिलान कर लें। उनके द्वारा ओएमआर शीट पर सही गोलों को बाल पेन काले या नीले से ही किया गया है। अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल निर्धारित थाने में एवं नकल प्रकरण की उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल संकलन केंद्र पर निर्धारित समय पर जमा करना है।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना (मृत्यु उपरांत)**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीतमार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक LIG.B-20 श्रीमती धापूबाई मंडवारिया पति स्व. श्री नरसिंहलाल मंडवारिया को वर्ष 1982 में आवंटित किया गया था भवन का विक्रय विलेख दिनांक 26.07.1999 को किया गया था। आवंटी श्रीमती धापूबाई मंडवारिया पति स्व. श्री नरसिहलाल मंडवारिया द्वारा भवन का विक्रय अपनी पुत्रवधू श्रीमती शशिकला पति श्री हरिवल्लभ मडवारिया के पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 27.07.1999 को निष्पादित करवा दिया था। श्रीमती धापूबाई मंडवारिया पति स्व. श्री नरसिंहलाल मंडवारिया का स्वर्गवास दिनांक 11.12.1999 को तथा श्रीमती शशिकला पति श्री हरिवल्लभ मंडवारिया का स्वर्गवास दिनांक 27.03.2019 को हो जाने से श्रीमती शशिकला पति श्री हरिवल्लभ मडवारिया के पुत्र श्री सौरभ मंडवारिया पिता श्री हरिवल्लभ मंडवारिया परिवार की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भवन का नामान्तरण अपने नाम करवाना चाहते हैं।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक LIG.B-20 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण श्री सौरभ मंडवारिया पिता श्री हरिवल्लभ मंडवारिया के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG SR.02 श्री क्रिश जैन पिता श्री विवेक जैन को मण्डल आदेश क्रमांक 143 दिनांक 20.01.2023 द्वारा नामांतरित किया गया था। श्री क्रिश जैन पिता श्री विवेक जैन द्वारा उक्त भवन श्री अंकुर पाटनी पिता श्री महेन्द्र कुमार पाटनी को विक्रय कर रजिस्ट्री दिनांक 23.01.2023 को निष्पादित करवा दी थी उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर श्री अंकुर पाटनी पिता श्री महेन्द्र कुमार पाटनी भवन का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक MIG SR.02 का नामान्तरण श्री अंकुर पाटनी पिता श्री महेन्द्र कुमार पाटनी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर**
**त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**
**डॉ. परीक्षित शर्मा**
एम.डी. (स्कीन)

रविवार 28 जनवरी को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं-* चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, * एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, * शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, * गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, * असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, * शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, * लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, * बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, * नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, * सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in